DAY — **05**  SEAT NUMBER | | | | | | |

| 2025 | VI | 30 | 1100 | J-353 | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# SECRETARIAL PRACTICE (52)

**Time : 3 Hrs.**  **(7 Pages)**  **Max. Marks : 80**

***सूचनाएँ :*** *(१) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।*
*(२) दाहिनी ओर के अंक प्रश्नों के पूर्ण गुण दर्शाते हैं।*
*(३) बायीं ओर दिए गए अंक प्रश्न क्रमांक दर्शाते हैं।*
*(४) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।*

**प्र. १.** **(अ)** निम्न दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्यों को पुनः लिखिएः **[२०]** (५)

(१) ---- का भुगतान ऋण पूँजी पर किया जाता है।

(अ) ब्याज

(ब) अपहार

(क) लाभांश

(२) जमाओं का स्वीकार न्यूनतम ६ महीनों के लिए और अधिकतम ---- महीनों के लिए किया जा सकता है।

(अ) ३६

(ब) १३

(क) ३०

(३) वाहक ऋणपत्रधारकों को ----- द्‌वारा ब्याज का भुगतान किया जाता है।

(अ) ब्याज अधिपत्र

(ब) पुनर्भुगतान आदेश

(क) ब्याज कूपन

(४) ----- को आई.एस.आई.एन. (ISIN) के लिए आवेदन प्रस्तुत करना पड़ता है।

(अ) जमाकर्ता

(ब) डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट

(क) कंपनी

(५) वित्तीय बाजार वह बाजार है जिसमें लोग ------- और व्युत्पत्तिक (डेरिवेटिवज्) का कम व्यवहार मूल्य पर व्यापार करते हैं।

(अ) स्वर्ण / सोना

(ब) वित्तीय प्रतिभूतियों

(क) वस्तुओं

**(ब)** उचित जोड़ियाँ मिलाइए : (५)

| 'अ' गुट | 'ब' गुट |
|---|---|
| (अ) बोनस अंश | (१) इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा |
| (ब) खेदपत्र | (२) ऋणपत्रधारक |
| (क) ई.सी.एस. | (३) अंशों का आवंटन न होना |

| | |
|---|---|
| (ड) लाभांश | (४) इलेक्ट्रॉनिक्स को–ऑपरेटिव सोसायटी |
| (इ) सेबी | (५) भारत के पुराने अंश बाज़ारों में से एक |
| | (६) लाभ का पूँजीकरण |
| | (७) प्रतिभूतियों के बाज़ार में निवेशकों के हितों की रक्षा करना |
| | (८) अंशधारक |
| | (९) ऋण का पूँजीकरण |
| | (१०) अंशों का आवंटन |

**(क)** निम्नलिखित विधानों के लिए केवल उचित शब्द / शब्दसमूह या संज्ञा लिखिए। (५)

(१) कुल पूँजी में भिन्न–भिन्न प्रतिभूतियों का अनुपात।

(२) अंशों का स्वामित्व दर्शाने वाला दस्तावेज

(३) ऋणपत्र प्रमाणपत्र कंपनी द्वारा इस अवधि में निर्गमित करना चाहिए।

(४) कंपनी एवं जमा विश्वस्त के मध्य अनुबंध।

(५) भारत सरकार की ओर से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रस्तुत किया गया विपत्र।

**(ड)** निम्नलिखित वाक्यों में से अधोरेखित शब्द सुधारकर वाक्य पुन: लिखिए : (५)

(१) लाभांश का भुगतान उसकी घोषणा की तिथि से <u>६० दिन</u> के भीतर करना चाहिए।

(२) एफ.पी.ओ. (पश्चात् के सार्वजनिक प्रस्ताव) में जनता को प्रथमतः अंशों का निर्गमन किया जाता है।

(३) जब अर्थव्यवस्था में मंदी होती है तब बिक्री में वृद्धि होती है।

(४) जमाएँ वित्त का आंतरिक स्त्रोत हैं।

(५) बंधपत्र अल्पावधि की वित्तपूर्ति का स्त्रोत है।

**प्र. २. निम्नलिखित संज्ञाएँ/ अवधारणाएँ स्पष्ट कीजिए ( कोई चार ) :** **[ ८ ]**

(१) मंदडिया

(२) वित्त निवेश का निर्णय

(३) उधार / ऋण पूँजी

(४) डिमटेरियलाईजेशन / डिमेटीकरण

(५) अधिकार अंश

(६) प्राथमिक बाज़ार

**प्र. ३. निम्नलिखित घटनाओं एवं परिस्थितियों का अध्ययन करके अपना मत स्पष्ट कीजिए (कोई दो ) :** **[ ६ ]**

(१) श्रीमान जतिन एक कंपनी सचिव हैं। वे विभिन्न कंपनियों को कंपनी अधिनियम के संदर्भ में परामर्श देने का कार्य करते हैं। उनके ग्राहक (Client) की कुछ समस्याएँ हैं। श्रीमान जतिन को इन समस्याओं को हल करने में सहायता कीजिए:

(अ) बी.डी.आई. बैंक डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (D.P.) के रूप में सेवा देना चाहती है, तो उन्हें पंजीयन हेतु किसके पास जाना चाहिए?

(ब) के.एम. वित्त संस्था ऋणपत्र विश्वस्त के रूप में सेवा प्रदान करने के लिए इच्छुक हैं, तो उनके द्वारा किसके पास पंजीयन करना चाहिए?

(क) टी.टी. कंपनी लिमिटेड प्रारंभिक जनता प्रस्ताव (IPO) जारी करना चाहती है, तो क्या उसे सेबी के पास स्वयं का पंजीयन कराना आवश्यक है?

(२) साईं कंपनी लिमिटेड ने अंतरिम लाभांश के भुगतान का निर्णय लिया है:

(अ) पर्याप्त लाभ के अभाव में प्रतिअंश ₹ ५ लाभांश का भुगतान करने का कंपनी का निर्णय उचित है?

(ब) क्या संचालक मंडल मुक्त संचिति में से लाभांश का भुगतान कर सकता है?

(क) क्या संचालक मंडल कंपनी की पूँजी में से लाभांश घोषित कर सकते हैं?

(३) मून प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जमाओं का स्वीकार करके पूँजी में वृद्धि करना चाहती है:

(अ) क्या कंपनी सामान्य जनता से जमाओं का स्वीकार कर सकती है?

(ब) जमा स्वीकृति हेतु कंपनी को कौन-से दस्तावेज प्रस्तुत करने पड़ेंगे?

(क) कंपनी द्वारा अधिकतम कितनी कालावधि के लिए जमाएँ स्वीकारी जा सकती हैं?

**प्र. ४. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए ( कोई तीन ) :** **[ १२ ]**

(१) स्थायी पूँजी तथा कार्यशील पूँजी

(२) प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव तथा पश्चात् का सार्वजनिक प्रस्ताव

(३) अंतिम लाभांश तथा अंतरिम लाभांश

(४) मुद्रा बाजार तथा पूँजी बाजार

**प्र. ५. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए ( कोई दो ) :** **[ ८ ]**

(१) अंश प्रमाणपत्र की विषय-सामग्री (विवरण) स्पष्ट कीजिए।

(२) निवेशक के लिए डिपॉजिटरी प्रणाली के कोई भी चार लाभ स्पष्ट कीजिए।

(३) जमा की स्वीकृति की कोई भी चार शर्तें / नियम लिखिए।

**प्र. ६. निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए ( कोई दो ) :** **[ ८ ]**

(१) पूर्वाधिकार अंशधारक सामान्य मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सकते।

(२) ऋणपत्रों का निर्गमन करते समय कंपनी को ऋणपत्र विश्वस्तों की नियुक्ति करनी पड़ती है।

(३) लाभांश का भुगतान कंपनी के लाभ में से किया जाता है।

(४) डिपॉजिटरी अंशों का हस्तांतरण सुलभ तथा शीघ्रतापूर्वक करती है।

**प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए ( कोई दो ) :** **[ १० ]**

(१) लाभांश की दर कम होने की शिकायत के पत्र का उत्तर देने हेतु पत्र लिखिए।

(२) ऋणपत्रधारक को ब्याज अधिपत्र द्वारा ब्याज का भुगतान करने संबंधी पत्र लिखिए।

(३) जमाकर्ता को जमा के भुगतान करने संबंधी पत्र लिखिए।

**प्र. ८. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ( कोई एक ) :** **[ ८ ]**

(१) ऋणपत्र की परिभाषा लिखिए तथा ऋणपत्रों की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(२) अंशपूँजी का वर्गीकरण स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆